सार-समाचार

## रायपुरा में ग्रेवल सड़क निर्माण पर महिलाओं ने आभार जताया

**कोटा,** (निसं)। वर्षा ऋतु में पानी के भराव के कारण सड़क मार्ग से कटी हुई कॉलोनियों के निवासियों को अब राहत मिल सकेगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश के बाद कोटा विकास प्राधिकरण ने रायपुरा स्थित कॉलोनियों के लिए ऊंची ग्रेवल सड़क का निर्माण प्रारम्भ करवा दिया है। ज्ञात हो कि रायपुरा स्थित हरि आवास, गणेश विहार, शिवम एनक्लेव, लक्ष्मी विहार, टैगोर नगर एवं आसपास की कई कॉलोनियों के वासी जलभराव की समस्या से पीड़ित थे, इससे उनका दैनिक जीवन भी अस्त-व्यस्त हो चुका था, यहां तक कि बच्चों का स्कूल जाना तक भी मुश्किल हो चुका था। इसलिए इन कॉलोनियों की पीड़ित महिलाओं ने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश सहसंयोजक इरशाद अली के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। बिरला ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए केडीए को समस्या का समाधान करने के निर्देश जारी किऐं। केडीए चीफ इंजीनियर रविंद्र माथुर द्वारा तत्काल कार्य का एस्टिमेट बनवाकर कार्य प्रारंभ करवाया गया जिस पर कॉलोनीवासी महिलाओ ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश सहसंयोजक इरशाद अली के आवास जाकर भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा, भाजपा वरिष्ठ नेता इंद्रमल जैन, भाजपा जिला संयोजक पंचायतीराज बद्री आर्य, उद्योग नगर मंडल अध्यक्ष मनोज तलाईचा, भाजपा वरिष्ठ पार्षद गिरिराज महावर, मंडल महामंत्री हरेंद्र सिंह भदौरिया का पुष्पगुच्छ देते हुए मिठाई खिलाकर आभार व्यक्त किया।

## तीज महोत्सव मनाया

**कोटा,** (निसं)। सिंधु यूथ सर्किल की महिला विंग ग्लोरियस 50 की ओर से तीज महोत्सव का आयोजन एक निजी रेस्टोरेंट में किया गया जिसमें महिलाओं ने सज-धजकर पारम्परिक परिवेश में तीज महोत्सव को लेकर कई आयोजन किए। ग्लोरियस 50 की अध्यक्ष दृष्टि दयानी ने बताया कि सिंधी समाज की महिलाएं तीज महोत्सव को पारम्परिक रूप में मनाती हैं और लम्बे समय से यह प्रथा चली आ रही है। इस दौरान गीत गाए जाते हैं, तीज माता का गुणगान होता है और कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दौरान महिलाओं ने हाउजी खेली, कई पारम्परिक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जमकर धमाल मचाया। इस अवसर पर महिलाओं ने मेहंदी मेले के तहत अपने हाथों पर कई संदेशपरक महंदी लगाई और सिंधी सभ्यता को जीवंत करने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को नवाजा भी गया और लजीज व्यंजनों का भी मजा लिया गया।

## निगम ने गड्ढा भरवाया

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा भीमगंजमंडी स्थित माला रोड पर गड्ढ़े को भरवा दिया गया है, जिससे अब उस मार्ग पर यातायत बहाल हो गया है। सड़क की मरम्मत वर्षाकाल के बाद करवा दी जाएगी। आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि मुख्य माला रोड़ पर नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा पम्पिंग स्टेशन बनवाया जा रहा है। सेन्टपॉल स्कूल से शहीद अजय आहूजा पार्क मार्ग पर पम्पिंग स्टेशन की विद्युत केबल को ट्रांसफर करने के नगर निगम की ओर से केईडीएल को आग्रह किया गया था, जिसके लिए केईडीएल ने गड्ढ़ा खोदा था। केबल ट्रांसफर करने का काम पूर्ण हो चुका है। इसके उपरांत केईडीएल को ही गड्ढ़ा भरवाना था, लेकिन उन्होंने यह काम नहीं करवाया तो निगम ने स्वयं के स्तर पर यह कार्य कर दिया। केबल ट्रांसफर करने के लिए खोदे गए गड्ढ़े के भरने के बाद अब मार्ग बाधित नहीं है और यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। वर्षा के कारण अभी मार्ग की मरम्मत संभव नहीं है। मानसून समाप्ति के बाद सड़क की मरम्मत करवा दी जाएगी।

## गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के नेतृत्व में सांगोद विधानसभा क्षेत्र में चलाए सुपोषित मां अभियान के तहत बुधवार को सांगोद भाजपा मण्डल के विभिन्न ग्राम पंचायतों और नगर में गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से अभियान संचालित किया जा रहा है। सांगोद नगर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी ने बताया कि बुधवार को सांगोद नगर के किट का वितरण नवीन काशीपुरी धर्मशाला पर किया गया। इसके अलावा मंडाप, विनोद खुर्द, मंडीता में ग्राम पंचायत भवन पर सुपोषित मां अभियान के किट का वितरण किया गया। वहीं कुंदनपुर में किशनपुरा खेल मैदान घाटोलिया पर किट वितरित किए गए।

# हाड़ौती में वेडिंग इंडस्ट्री के भव्य संगम के पोस्टर का अनावरण समारोहपूर्वक हुआ

**कोटा,** (निसं)। सुवाल्का रिजॉर्ट में सोमवार को आयोजित वेंडिंग इंडस्ट्री और वेंडर अवार्ड के पोस्टर अनावरण समारोह में हाड़ौती क्षेत्र की वेडिंग इंडस्ट्री का एक अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। इस अवसर पर 300 से अधिक वेडिंग प्लानर्स, वेंडर्स, एसोसिएशन प्रतिनिधि और इवेंट प्रोफेशनल्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समारोह में हाड़ौती की वेडिंग इंडस्ट्री के लिए एक साझा मंच गठन की औपचारिक घोषणा हुई। सर्वसम्मति से कमल शर्मा (एमडी इवेंट्स) को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संस्था का उद्देश्य हाड़ौती के सभी वेडिंग प्लानर्स और वेंडर्स को एकजुट कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, व्यवसाय के अवसर बढ़ाना, और इंडस्ट्री के पेशेवरों के बीच नेटवर्किंग मजबूत करना है।



कोटा में वेडिंग इंडस्ट्री का भव्य संगम के पोस्टर अनावरण समारोहपूर्वक हुआ है।

समारोह का आयोजन अक्टूबर के पहले सप्ताह में कोटा में होगा। इसमें देशभर के प्रसिद्ध वेडिंग प्लानर्स, डेकोरेटर्स, केटरर्स, फोटोग्राफर्स, साउंड इंजीनियर्स, मेकअप आर्टिस्ट्स, टेंट हाउस, लाइट डेकोरेटर्स और अन्य वेंडर्स शिरकत करेंगे। आयोजन में देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले इंडस्ट्री लीडर्स, ब्रांड्स और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स को एक मंच पर लाने की योजना है।कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ इवेंट इंडस्ट्री कोटा के साथ-साथ हाड़ौती की कई प्रमुख एसोसिएशनों ने भाग लिया।

फेडरेशन ऑफ इवेंट इंडस्ट्री कोटा के अध्यक्ष रवि आहूजा ने कहा कि ये आयोजन न केवल हमारे क्षेत्र को पहचान दिलाएगा बल्कि यह यहां के हर वेंडर और प्लानर के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगा। उपाध्यक्ष आयुष विजय ने कहा कि हम आने वाले वर्षों में हाड़ौती को 'वेडिंग हब ऑफ राजस्थान' के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। मुख्य अतिथि राजेश बिरला चेयरमैन रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान ने कहा कि सफलता तब आती है जब इंडस्ट्री के सभी लोग एक-दूसरे के साथ खड़े हों।

यह इस एकता का बेहतरीन उदाहरण है। क्रांति जैन अध्यक्ष व्यापार संघ कोटा ने कहा कि स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देना ही शहर और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति की कुंजी है। पंकज लड्डा अध्यक्ष लड्डा केयर फाउंडेशन ने कहा कि नेटवर्किंग किसी भी इंडस्ट्री की जीवनरेखा है और यह आयोजन इसके लिए एक शक्तिशाली प्लेटफॉर्म है।

## मेला ग्राउण्ड का निरीक्षण किया

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय मेला दशहरा 2025 के आयोजन हेतु नगर निगम, कोटा दक्षिण की मेला एवं अन्य उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी की अगुवाई में निगम अधिकारियों के साथ प्रात: 11 बजे पूरे मेला परिसर का राउण्ड किया गया। मेला परिसर के वेस्ट जोन, नोर्थ जोन एवं ईस्ट जोन की दुकानों और स्थान के आंवटन के सन्दर्भ मौके पर चर्चा कर रूपरेखा तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। मेले में अधिक से अधिक दुकानों के आवंटन एवं पर्याप्त स्थान के साथ-साथ आमजन की सुविधा हेतु विस्तार से भ्रमण कर दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। मेला राउण्ड के दौरान निगम के सहायक अभियन्ता भुवनेश नावरिया, विनोद मेहरा, राजस्व अधिकारी विजय अग्निहोत्री, राजस्व निरिक्षक रियाजुद्दीन एवं संबंधित कर्मचारी साथ में रहे।

## पालिकाध्यक्ष का दो माह के लिए और कार्यकाल बढ़ाया

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। राज्य सरकार ने रामगंजमंडी के नवनियुक्त नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल का कार्यकाल 2 माह के लिए और बढ़ा दिया है। पालिका अध्यक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त किया है।

# घर से लापता हुआ बालक, पुलिस ने दिखाई तत्परता, डेढ़ घंटे बाद मिला बालक

- **अपहरण की आशंका पर पुलिस ने नाकाबंदी की**

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी इलाके के सिद्धि विनायक नगर में उस समय हड़कंप मच गया जब दिनदहाड़े एक 11 वर्षीय बालक के अपहरण की बात कॉलोनी में फैली।

बालक के अपहरण की बात सुनकर कॉलोनी निवासी बालक के घर के बाहर एकत्र होने लगे। बालक के घर से लापता होने की सूचना मिलते ही रेलवे कॉलोनी पुलिस एक्शन में आ गई। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाई और करीब डेढ़ घंटे बाद लापता बालक को कॉलोनी से रेसक्यू कर लिया गया। मामले में सामने आया कि बालक का कोई अपहरण नही हुआ, बालक बिना घर में किसी को बताये अपने मित्र के यहां चला गया था।

मामले में जानकारी के अनुसार रेलवे कॉलोनी इलाके के सिद्धि विनायक नगर निवासी रेलवे कर्मचारी प्रकाश मीणा का बालक कार्तिक (11) बुधवार को दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर स्कूल से घर पहुंचा और करीब आधे घंटे के बाद बालक घर के बाहर से अचानक लापता हो गया। परिजनों ने बालक को इधर-उधर तलाश किया लेकिन बालक को कोई पता नही चला।

सूचना मिलते ही बालक के पिता भी घर पहुंचे और इसकी सूचना रेलवे कॉलोनी थाने को दी गई। बालक के घर के बाहर से लापता होने की सूचना पर रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा मय जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे। थानाधिकारी ने लापता बालक के घर पर लगे सीसीटीवी फुटैज भी चैक किये।

बालक के अपहरण की आशंका पर थानाधिकारी ने मामले में तत्परता दिखाई और पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद डेढ़ घंटे बाद बालक को पैदल कॉलोनी मे ही घुमते हुए पुलिस ने रेसक्यू कर बालक को परिजनों को लौटाया।

रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि इलाके के सिद्धि विनायक नगर से एक बालक के घर के बाहर से लापता होने की सूचना मिली।

बालक के अपहरण होने की आशंका पर मामले को गंभीरता से लेते हुए बालक की तलाश के लिये चारों तरफ पुलिस जाप्ता रवाना किया गया और नाकाबंदी की, साथ ही रेलवे स्टेशन व बस स्टेण्ड की तरफ भी जाप्ता को रवाना किया। थानाधिकारी ने बताया कि बालक कार्तिक बाद में कॉलोनी में पैदल आता दिखा जिसकी तलाश में जुटी पुलिस ने बालक को रेसक्यू किया।

थानाधिकारी ने बताया कि बालक से पूछताछ में सामने आया कि बालक का कोई अपहरण नही हुआ था, बालक स्वंय ही अपने मित्र के यहां चला गया था जिसे उसके परिजनों को लौटा दिया। वहीं बालक के पिता प्रकाश मीणा ने बताया कि वह ड्यूटी पर थे, 3 बजे करीब घर से फोन पर उन्हे जानकारी मिली कि बेटा घर के बाहर से लापता हो गया है वह कही भी नही मिल रहा है।

सूचना मिलते ही वह रेलवे कॉलोनी थाने पहुंचे और पुलिस को बालक के घर के बाहर से लापता होने की बात बताई। प्रकाश मीणा ने बताया कि बालक की तलाश के लिये रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी व पुलिस जाप्ता ने तुरंत मामले में कार्यवाही की और बालक को तलाश लिया, पिता ने रेलवे कॉलोनी पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि बालक अपने मित्र के यहां चला गया था उसके साथ कोई घटना नही हुई।

## नीलीमा जोशी को पीएचडी की उपाधि

**कोटा,** (निसं). कोटा निवासी डॉ. नीलिमा जोशी (भट्ट) को एजुकेशन संकाय में शोध कार्य पूर्ण करने के लिए अपेक्स विश्वविद्यालय जयपुर की ओर से पीएचडी की उपाधि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे द्वारा प्रदान की गई। यह उपाधि डॉ. श्वेता भार्गव के निर्देशन में उच्च माध्यमिक स्तर के वाणिज्य संकाय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रयोग में आने वाली समस्याओं एवं समाधानों का अध्ययन विषय पर शोधकार्य के लिए प्रदान की गई।



## तिरंगा यात्रा का आयोजन

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। नगर पालिका रामगंजमण्डी द्वारा बुधवार को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के उपलक्ष में सुबह 11 बजे से तिरंगा यात्रा का आयोजन शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए गांधी चौक तक किया गया। तिरंगा रैली नगर पालिका से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य बाजारों से होती हुई उपखण्ड कार्यालय के सामने समाप्त हुई। रैली में पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल, अधिकारी अधिशाषी तरूण लहरी, पार्षदगण, पालिका कर्मचारी व गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# आरटीयू का बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा उद्यमिता शिक्षा और कौशल-अनुसंधान के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा, ऑफ-कैंपस जयपुर एवं जगन्नाथ विश्वविद्यालय, जयपुर के साथ दो एमओयू संपन्न किए गए है। आरटीयू के सह-जनसम्पर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि इस समझौते पर राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर एसके सिंह, वहीं बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ऑफ-कैंपस जयपुर की ओर से निदेशक डॉ.पियूष तिवारी और जगन्नाथ यूनिवर्सिटी की ओर से रजिस्ट्रार तन्मय पटनायक ने हस्ताक्षर कर एमओयू का आदान प्रदान किया गया। इस अवसर जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के प्रो.वाईस चांसलर प्रोफेसर एके द्विवेदी, डीन आईआईआईआर एंड आईआर प्रो.वीके गोराना, पीआरओ डॉ. एसडी पुरोहित सहित विभिन्न विभागों डीन और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। दोनों पक्षों नें आपसी सहयोग, संयुक्त कार्यक्रमों और कौशल विकास के असीमित अवसरों पर सहमति जताई हैं। दोनों पक्षो नें द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक गहरा करने, जीवंत साझेदारी को मजबूत करने तथा शिक्षा, कौशल विकास, गहन तकनीकी अनुसंधान एवं पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रों में जुड़ाव बढ़ाने के बारे में भी सार्थक बातचीत की, साथ ही सभी पक्षों ने तकनीकी शिक्षा मे सहयोग बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। इस अवसर पर कुलगुरु प्रोफेसर एसके सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि इन समझौतों से संयुक्त शोध परियोजनाओं, शिक्षक एवं छात्र विनिमय कार्यक्रम, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अन्य शैक्षणिक पहलों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे प्रदेश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के साथ राज्य की तकनीकी शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण भागीदारी का निर्वहन करते हुए शोधकर्ताओं हेतु अनुकूल वातावरण प्रदान कर रहा है। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए निरंतर अग्रसर है।

## तिरंगा यात्रा निकाली

**छबड़ा** (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को यहां तहसीलदार के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यहां देशभक्ति के नारे गूंजयामान रहे।

## धरणीधर जन्मोत्सव आज

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में धरणीधर जन्मोत्सव पर आज भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें गांव-गांव, ढाणी-ढाणी से समाजबंधु बडी संख्या में भाग लेगे। ब्लॉक अध्यक्ष महावीर धाकड के अनुसार सालपुरा रोड स्थित मालव छात्रावास से शोभायात्रा शुरू होगी जो अंबेडकर सर्किल, अहिंसा सर्किल, आजाद सर्किल, धरनावदा चौराहा होते हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण में महाआरती के बाद सामूहिक स्नेहभोज के साथ संपन्न होगी। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए की जा रही तैयारियों को बुधवार को अंतिम रूप दिया गया।

# नगर निगम कोटा उत्तर की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली

**कोटा,** (निसं)। हाथों में तिरंगा, होठों पर देशभक्ति के नारे और आंखों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प, कुछ ऐसा ही नजारा बुधवार को जिला प्रशासन और नगर निगम कोटा उत्तर की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा में दिखाई दिया।

जिला कलेक्टर पीयूष समारिया और भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कदम मिलाते हुए तिरंगा रैली निकाल कर 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को घर-घर तिरंगा लहराने का संदेश है। आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत बुधवार को सेवन वंडर्स पार्क से ज्वाला तोप होते हुए वापस सेवन वंडर्स पार्क तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन, वरिष्ठजन, महिलाओं, युवाओं और बच्चों के साथ-साथ जिला प्रशासन, नगर निगम कोटा उत्तर, कोटा दक्षिण, कोटा विकास प्राधिकरण, पुलिस, चिकित्सा विभाग, खेल विभाग समेत विभिन्न राजकीय विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इस तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरे रास्ते देशभक्ति से भरे नारे गूंजते रहे।



कोटा उत्तर नगर निगम द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई।

इस यात्रा का भाग बना प्रत्येक व्यक्ति दिल में गर्व की भावना महसूस कर रहा था। यात्रा जहां से भी गुजरी लोग उससे जुड़ते चले गए। यात्रा के समापन के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि आज देश सक्षम नेतृत्व के कारण तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश के विकास की इस गति को 140 करोड़ भारतवासी सामूहिकता की भावना से बढ़ा रहे हैं। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का पर्व भारतीयों के लिए गर्व और गौरव का अवसर होने के साथ हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। खुशी की बात है कि नागरिक अब अपने आधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग हो रहे हैं।

तिरंगा यात्रा के लिए नगर निगम कोटा उत्तर की ओर से विशेष सेल्फी पाइंट बनाया गया था जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने इस सेल्फी पोइंट पर सेल्फी खिंचवाई और उसे अपने सोशल मीडिया हेंडल्स के साथ हर घर तिरंगा वेबसाइट पर भी पोस्ट की।

नगर निगम कोटा उत्तर के सभी 70 वार्डों और हाल ही में विलय हुई नगर पालिका कैथून के क्षेत्र में बुधवार को निगम के सफाई कर्मचारियों की ओर से तिरंगा वाहन रैलियों का आयोजन किया गया। उपायुक्त जवाहर लाल जैन ने बताया कि सभी सफाई कर्मचारियों ने पहले अपने वार्ड क्षेत्र में रैली निकाल कर हर घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। उसके बाद वे सभी अपने-अपने सेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां स्वच्छ सुजल शहर संकल्प भी लिया।


**पश्चिम मध्य रेल**

सिग्नल एवं दूर संचार विभाग

निविदा सूचना- दिनांक: 11.08.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं.एवं दू.सं. इंजी.(सिग्नल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल निम्नलिखित कार्यो Tender No. KOTA/SNT/SIG/2025/19 के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। टेंडर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैन्यअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। टेंडर सं.- कोट/एसएण्डटी/सिग./2025/19, कार्य का नाम- एनुअल मेन्टीनेन्स कॉन्ट्रक्ट ऑफ डाटा लॉगर्स इंस्टॉल ऑन कोटा डिविजन (2025), कार्य की अनुमानित लागत- रू. 46625134.62, बयाना राशि- रू. 383100/-, तारीख एवं समय- दिनांक 02.09.2025 को 15:00 बजे तक, पूर्ण विवरण वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा ||| डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदा एंड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये।

(हस्ता)

वरि. मं. सं. एवं दू. सं. इंजी. (समन्वय)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



संख्यांक-4
संक्षिप्त वाद का सम्मन
आदेश 37 नियम 2

न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-3 कोटा

बैंक ऑफ बड़ौदा ......वादी

विरुद्ध

कयामुद्दीन शेख ....प्रतिवादी

निवासी मकान नं. 7-ई-59 विज्ञान नगर विस्तार योजना कोटा

2) मैसर्स तनवीर मेडिकल एजेन्सी शाप नं. 6 प्रथम तल लवकुश मेडिकल काम्पलेक्स लाडपुरा कोटा (राज.)

वादी ने सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के आदेश के 37 के अधीन आपके विरुद्ध 529739 रु. और ब्याज के लिए संस्थित किया है। आपको सम्मन दिया जाता है कि आप इस सम्मन की तामील होने की तारीख से 10 दिन के भीतर उपसंजात (हाजिर) हो। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो 10 दिन की अवधि बीत जाने के पश्चात वादी को 529739 रु. से अनाधिक राशि के लिए और खर्चों के बाबत 529739 रु. की राशि के लिए ऐसे ब्याज सहित, यदि कोई हो, जैसा न्यायालय आदिष्ट करे, डिग्री अभिप्राप्त करने का हक होगा। यदि उपसंजात होते है तो वादी तत्पश्चात आपको निर्णय के लिए समय तामील करेगा जिसकी सुनवाई के समय आपको वाद की प्रतिक्षा करने इजाजत के लिए न्यायालय से समावेदन करने का हक होगा।

यदि आप शपथ पत्र द्वारा या अन्यथा न्यायालय यह समाधान कर देते है कि यदि वाद की प्रतिरक्षा गुणागुण (मेरिट) के आधार पर की जा सकती है या युक्ति युक्त है कि आपके प्रतिरक्षा करने के लिए अनुज्ञा दी जानी चाहिए तो प्रतिरक्षा करने की इजाजत दी जा सकेगी।

यह आज तारीख 8.7.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया जाता है।

मोहर अदालत

अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
क्रम-3 कोटा



संख्यांक-4
संक्षिप्त वाद का सम्मन
आदेश 37 नियम 2

न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-5 कोटा

बैंक ऑफ बड़ौदा

विरुद्ध

मैसर्स चेतना गारमेन्ट्स

मैसर्स चेतना गारमेन्ट्स प्रो. जियन्दराम गोखलानी पुत्र श्री छोगामल गोखलानी, बी-295 आर.के. पुरम कोटा

अन्य पता-दुकान नं. 76 सब्जीमण्डी, महावीर नगर द्वितीय कोटा राज., निवास पता-3/44 गणेश तालाब कोटा (राज.)

बैंक ऑफ बड़ौदा ने सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के आदेश के 37 के अधीन आपके विरुद्ध 7,29,165 रु. और ब्याज के लिए संस्थित किया है। आपको सम्मन दिया जाता है कि आप इस सम्मन की तामील होने की तारीख से 10 दिन के भीतर उपसंजात (हाजिर) हो। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो 10 दिन की अवधि बीत जाने के पश्चात वादी को सात लाख उन्तीस हजार एक सौ पैसठ रु. से अनाधिक राशि के लिए और खर्चों के बाबत 7,29,165 रु. की राशि के लिए ऐसे ब्याज सहित, यदि कोई हो, जैसा न्यायालय आदिष्ट करे, डिग्री अभिप्राप्त करने का हक होगा।

यदि उपसंजात होते है तो वादी तत्पश्चात आपको निर्णय के लिए समय तामील करेगा जिसकी सुनवाई के समय आपको वाद की प्रतिक्षा करने इजाजत के लिए न्यायालय से समावेदन करने का हक होगा।

यदि आप शपथ पत्र द्वारा या अन्यथा न्यायालय यह समाधान कर देते है कि यदि वाद की प्रतिरक्षा गुणावगुण के आधार पर की जा सकती है या युक्ति युक्त है कि आपके प्रतिरक्षा करने के लिए अनुज्ञा दी जानी चाहिए तो प्रतिरक्षा करने की इजाजत दी जा सकेगी।

यह आज तारीख 31.7.25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया जाता है।

मोहर अदालत

अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
क्रम-5 कोटा



**खोया-पाया**

The transfer certificate of my shop, Shop No. 4, Jyoti Mandir Road, Dadabari, Kota has been lost somewhere. Whoever gets it, please contact at the following address: Gurmeet Singh, son of Nahar Singh, 3 E 30, Dadabari Extension, Kota



**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम जाहिद अली भुट्टो से बदलकर नया नाम जाहिद अली रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-जाहिद अली ताहिर अली 36 गोविन्द नगर योजना जगदपुरा रोड जयपुर



**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम मेघा जोशी अली से बदलकर नया नाम मेघा जोशी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-मेघा जोशी पत्नी मुशाहिद अली फ्लोट नं. 102 महालक्ष्मीपुरम बारां रोडकोटा



**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 32/2025**

निविदा सं. 81255293 जिसके खुलने की तिथि 14/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/88/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है-**Tender No. & Short Description**-81255293 **Description:** थिक वेब स्विच। **Tender Opening date**-From-14/08/2025 To-25/08/2025. अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेवसाईट https://www.ireps.gov.in देखे।

(हस्ता.)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव आरएमआरएस, बून्दी**

क्रमांक/निविदा/2025/1238 दिनांक-11.08.2025

**निविदा सूचना**

पं. बृज सुन्दर शर्मा, सामान्य चिकित्सालय बून्दी में खाद्य सामग्री क्रय करने हेतु निविदा के माध्यम से मोहरबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। निविदा का UBN No MHS2526GSOBO3358 है। विस्तृत जानकारी Sppp.raj.nic.in तथा कार्यालय में कार्यालय समय पर देखी जा सकती है।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं
सदस्य सचिव आरएमआरएस, बून्दी



**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 1302 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 13.8.25

आवास संख्या 1-ध-29 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री दीलिप सिंह दोई पुत्र श्री सज्जन सिंह को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री अभय कुमार कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री सालिग्राम कुलश्रेष्ठ के नाम दिनांक 29.04.1995 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री अभय कुमार कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री सालिग्राम कुलश्रेष्ठ के नाम दिनांक 07.06.1995 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री अभय कुमार कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री सालिग्राम कुलश्रेष्ठ की मृत्यु दिनांक 23.11.2019 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री कमल कुलश्रेष्ठ पुत्र स्व. श्री अभय कुमार कुलश्रेष्ठ एवं श्री अनुराग कुलश्रेष्ठ पुत्र स्व. श्री अभय कुमार कुलश्रेष्ठ द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्सों का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 19.06.2025 को श्रीमती सुमन कुलश्रेष्ठ पत्नी स्व. श्री अभय कुमार कुलश्रेष्ठ के पक्ष में किया गया। श्रीमती सुमन कुलश्रेष्ठ पत्नी स्व. श्री अभय कुमार कुलश्रेष्ठ द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास संख्या 1-ध-29 दादाबाड़ी कोटा का हस्तांतरण हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर अपना नाम आवास के अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती सुमन कुलश्रेष्ठ पत्नी स्व. श्री अभय कुमार कुलश्रेष्ठ के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सुमन कुलश्रेष्ठ पत्नी स्व. श्री अभय कुमार कुलश्रेष्ठ के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सुमन कुलश्रेष्ठ पत्नी स्व. श्री अभय कुमार कुलश्रेष्ठ के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका रामगंजमण्डी**

(प्रारूप-10) (नियम 6 (7) देखिए)

क्रमांक:-न.पा.रा./भूमि/2025/2515 **लोक सूचना** दिनांक-

श्री इन्द्रजीत मालवीय, श्री बलराम मालवीय पुत्रान श्री ठाकुरदास मालवीय जाति लोहार निवासी रामगंजमण्डी तहसील रामगंजमण्डी जिला कोटा राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| रामगंजमंडी जिला कोटा | कुदायला | 967/264 | 0.06 है. |
| | | | कुल 0.06 हैक्टियर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त, प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 13.08.25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका रामगंजमंडी



**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**SPORTS AUTHORITY OF INDIA**
भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग/DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)

एफ सं. 01-0400(01)/3/2025-एचओ-कार्मिक प्रभाग दिनांक-24.07.2025

**अधिसूचना**

**भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) में सहायक पद पर भर्ती**

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) द्वारा सहायक के 48 नियमित पदों (अनारक्षित-22 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-04, अन्य पिछडा वर्ग-12, अनुसूचित जाति-07, अनुसूचित जनजाति-03) (पीडब्ल्यूबीडी-02) पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया SSC CGL 2024 Public Disclosure List (PDL) में सम्मिलित अभ्यर्थियों में से 1: 5 के अनुपात में श्रेणीवार (UR/EWS/OBC/SC/ST) चयन कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण के माध्यम से की जाएगी।

**पात्रता की शर्तें-**

1 **शैक्षणिक योग्यता-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक की डिग्री या समकक्ष, या लेखा/वाणिज्य/अर्थशास्त्र के क्षेत्र में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान/आईसीडब्ल्यूए/आईसीएआई से स्नातक की डिग्री या समकक्ष।
2 **आयु सीमा-** 30 वर्ष से अधिक नहीं (ऑनलाइन आवेदन के उद्घाटन दिनांक के अनुसार) विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षण के संबंध में भारत सरकार के प्रचालित दिशा-निर्देशों के अनुसार डीओपीटी द्वारा समय-समय पर जारी किए गए कार्यालय ज्ञापनों के अनुसार लागू होंगे।
3 चयन Public Disclosure List of SSC CGL 2024 के अंकों पर आधारित मेरिट सूची
4 **वेतनमान-** वेतन मैट्रिक्स स्तर-06 (7वां सीपीसी)
5 PwBD श्रेणी हेतु 02 पद क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत आरक्षित हैं।

**महत्वपूर्ण-** आवेदन जमा करने क लिए केवल निमंत्रण दिया गया है, जिसका अर्थ अंतिम चयन नहीं है। ऑफर लेटर मेरिट और रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर जारी किए जाएंगे।

विवरण एवं आवेदन के लिए वेबसाइट देखें- https://sportsauthorityofindia.nic.in
प्रश्नों के लिए ईमेल करें-recruitment.cell.sai@gov.in
अंतिम तिथि एवं विस्तृत अधिसूचना SAI की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है।
CBC 47103/12/0004/2526